# University in News on 08 March 2025

## i-NEXT PAGE 5

# एलयू में अब पीजी में ही करें नेट की तैयारी

### नए क्रेडिट कोर्स से स्टूडेंट्स की स्किल्स होंगी अपग्रेड

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 MARCH): अपग्रेडेड स्किल्स, ग्राउंड कनेक्टिविटी और लॉजिकल अप्रोच आज की जरूरत है. इसी जरूरत को पूरा करने के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी का डिपार्टमेंट ऑफ सोशियोलॉजी नए सेशन से कुछ नए क्रेडिट कोर्सेज शुरू करने जा रहा है. फैकल्टी बोर्ड की मीटिंग में डिपार्टमेंट की ओर से रखे गए इस प्रस्ताव को एकेडमिक काउंसिल से अनुमति मिलने के बाद इन कोर्सेज को शुरू किया जाएगा. इसका सीधा फायदा स्टूडेंट्स को मिलेगा.

### 20 नए क्रेडिट कोर्स

न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत 4 साल के यूजी के बाद पीजी 1 साल का होता है. जिसमें एलयू से सोशियोलॉजी में पीजी करने वाले स्टूडेंट्स को 1 साल में 2 सेमेस्टर के अतंर्गत क्रेडिट कोर्स का मौका मिलेगा. पीजी के लिए डिपार्टमेंट ने 20 क्रेडिट कोर्स प्रपोज किए हैं. कुछ वैल्यू एडेड कोर्स भी हैं, जो ना सिर्फ स्टूडेंट्स की स्किल्स को अपग्रेड करेंगे बल्कि उनकी प्रोफाइल को भी स्ट्रॉन्ग बनाएंगे. इन क्रेडिट कोर्सेज का सिलेबस काफी कंपेटिबल होगा. जिससे स्टूडेंट्स पीजी में ही यूजीसी नेट एवं अन्य एग्जाम की तैयारी कर सकेंगे.



### फील्ड विजिट भी शामिल

नए सेशन से सोशियोलॉजी स्टूडेंट्स को फील्ड विजिट का मौका मिलेगा. जिससे वो ग्राउंड रियलिटी को भी समझ सकेंगे. हालांकि फील्ड विजिट और स्टूडेंट एक्सपोजर को लेकर अभी प्रपोजल दिया गया है, जिसके पास होने के बाद ही फीस से रिलेटेड जानकारी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा दी जाएगी.



**"नए क्रेडिट कोर्सेज को शामिल करने का हमारा मेन उद्देश्य स्टूडेंट्स की नॉलेज, कैपिसिटी और स्किल्स को बढ़ाना है. हम परंपरागत शिक्षा की जगह पर स्टूडेंट्स को फील्ड से रिलेटेड एजुकेशन देने की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं.**

**प्रो. दीप्ति रंजन साहू,** हेड, डिपार्टमेंट ऑफ सोशियोलॉजी, एलयू

# एलयू में 12 से 15 होली का अवकाश

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 MARCH): होली के अवसर पर 13 और 14 मार्च को पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित है. लखनऊ विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध महाविद्यालयों में 12 से 15 मार्च तक होली की छुट्टी रहेगी. 16 मार्च को रविवार होने की वजह से विश्वविद्यालय 17 मार्च को फिर से खुलेगा. शिक्षक संघ के अनुरोध पर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में 12 और 15 मार्च को भी अवकाश घोषित किया गया है. कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# 15 पाठ्यक्रमों का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एमए, एलएलबी समेत 15 पाठ्यक्रमों का परिणाम जारी कर दिया। विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर विस्तृत रिजल्ट मौजूद है।

एमए एआईएच का पहला सेमेस्टर, एमएससी जियोलॉजी प्रथम सेमेस्टर, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ प्रथम सेमेस्टर, एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी प्रथम सेमेस्टर, एलएलबी ऑनर्स के पहले, तीसरे, पांचवें सेमेस्टर के वर्ष 2019, 2018 और 2017 के रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं।

बीबीए एनईपी मैनेजमेंट, आईबी और मैनेजमेंट साइंस के तीसरे सेमेस्टर का भी परिणाम जारी किया गया है। बीसीए के पहले, तीसरे सेमेस्टर के साथ बीएलएड के सभी विषम सेमेस्टर का रिजल्ट भी आया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## JAGRAN CITY PAGE III

# अनंतम कामर्स फेस्ट में दिखा रोमांच और उत्साह

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में चल रहे तीन दिवसीय 'अनंतम' कामर्स फेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को भी रोमांच और उत्साह का माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने शार्क टैंक, पोस्टर मेकिंग, टर्न कोट, क्विज और बिलबोर्ड मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मनोरंजन के लिए विश्वविद्यालय के म्यूजिकल बैंड ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न खाद्य और उत्पाद स्टाल भी लगाए गए, जिनका छात्र-छात्राओं ने खूब आनंद उठाया। वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अर्चना सिंह ने बताया कि अनंतम फेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल और संगठन क्षमता को विकसित करना है। इस आयोजन से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और नई चीजें सीखने का अवसर मिलता है। इस दौरान विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। फेस्ट का समापन समारोह आठ मार्च को सुबह 11 बजे एपी सेन हाल में होगा। इसमें प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।



लवि के वाणिज्य संकाय में 'अनंतम' कामर्स फेस्ट में प्रतिभागी छात्रा पेंटिंग करते हुए • जागरण

# अध्यात्म और विज्ञान एक ही सिक्के के दो पहलू: डा. पवन



लखनऊ विश्वविद्यालय में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते डा. पवन सिन्हा 'गुरुजी'

जासं • लखनऊ: आध्यात्मिकता अपने को अपने से ऊपर उठाने का संधान है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग और गाइडेंस सेल एवं हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी की ओर से शुक्रवार को एपी सेन हाल में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विषय था 'अध्यात्म, विज्ञान एवं युवा शक्ति', जिसमें प्रमुख वक्ता शिक्षाविद और आध्यात्मिक चिंतक डा. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने युवाओं को संबोधित करते हुए अध्यात्म और विज्ञान को एक-दूसरे का पूरक बताया।

उन्होंने कहा, आज के दौर में युवा इंटरनेट मीडिया और स्मार्टफोन के प्रभाव में फंसकर ध्यान व आत्ममंथन से दूर होते जा रहे हैं, जिससे मानसिक शांति प्रभावित होती है। उन्होंने युवाओं को ध्यान (मेडिटेशन) पर फोकस करने और अपने जीवन को सुखद एवं सफल बनाने की सीख दी। सभा में उपस्थित युवाओं के सवालों के उत्तर देकर उनके आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक जिज्ञासाओं को शांत किया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सही मार्गदर्शन देने और उनके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में सहायक होते हैं। डा. वैशाली सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# युवा सोशल मीडिया से दूर हटकर ध्यान पर फोकस करें



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। कॉउंसलिंग,गाइडेंस सेल और हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के संयुक्त तत्वावधान में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यात्म, विज्ञान एवं युवा शक्ति विषय पर आयोजित संवाद के मुख्य अतिथि डॉ.पवन सिंहा गुरूजी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.आलोक राय जी ने की। हैप्पी थिंकिंग लैबोरेट्री की निर्देशिका प्रो.एम. प्रियदर्शिनी ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अध्यात्म और विज्ञान को एक ही बताते हुए उसके कई उदाहरण दिए। युवाओं को सुखद और सफल जीवन जीने के लिए सोशल मीडिया और स्मार्टफोन से दूर हटकर ध्यान पर फोकस करने की सलाह दी। इसके बाद गुरुजी ने सभा में उपस्थित युवाओं के कई प्रश्नों के सारगर्भित उत्तर दिये। वहीं, कुलपति ने कहा, ऐसे संवाद का आयोजन युवाओं को सही दिशानिर्देश एवं जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कारगर साबित होते हैं। प्रो.पवन सिंहा गुरुजी के उद्बोधन ने युवाओं में एक नई चेतना एवं ऊर्जावान बनाने का कार्य किया है और अध्यात्म और विज्ञान की भूमिका के संतुलन पर प्रकाश डाला है। कार्यक्रम में काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशिका डॉ.वैशाली सक्सेना,प्रोवाइस चांसलर प्रो.मनुका खन्ना, डीन स्टूडेंट वेलफेयर वीके शर्मा ने भी मंच की शोभा बढ़ाई।

## AMRIT VICHAR PAGE 5

# 12 से 15 तक बंद रहेगा विश्वविद्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और संबंधित कॉलेजों में आगामी 12 से 15 मार्च तक होली के अवसर पर अवकाश रहेगा। इस दौरान सभी प्रकार के शिक्षण, परीक्षाएं और गतिविधियां बंद रहेंगी। विश्वविद्यालय 16 मार्च को अपने नियमित समय से खुलेगा।

# लविवि में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 7 और 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला अध्ययन संस्थान द्वारा संस्कृतिकी लखनऊ के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मनुका खन्ना, संस्कृतिकी की निदेशक प्रो. आंचल श्रीवास्तव, और महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।



लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राणी विज्ञान विभाग में प्रोफेसर हैं। पिता जी सैन्य अधिकारी रहे हैं और उनकी पोस्टिंग के अनुसार ही देश के विभिन्न हिस्सों में जाने और अलग-अलग शहरों में पढ़ाई का अवसर मिला है। आपका शोध पूरी दुनिया में चर्चा का विषय है, हाल ही में लंदन की एक संस्था से प्रतिष्ठित फैलोशिप मिला है। लेडीबर्ड कीड़े पर शोध करने वाली डॉ. गीतांजली बताती है कि यह किसानों का मित्र कीड़ा है। जो उनकी फसलों का सुरक्षा गार्ड है।

– डॉ. गीतांजली मिश्रा



लविवि में मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष रही हैं। आपके 75 से अधिक शोध पत्र देश और दुनिया में प्रकाशित हो चुके हैं। 100 से अधिक सत्रों को विभिन्न संस्थाओं में संबोधित कर चुकी है। जिसमें यूपी पुलिस का रेप सेल, सीमा सुरक्षा बल और भारतीय सेना भी है। 8 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। दो पुस्तकों का विमोचन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। गर्भ संस्कार को पाठ्यक्रम में पहली बार शोध के लिए रखने का श्रेय डॉ. अर्चना को है। इसके अलावा यूपी पुलिस के डायल 112 के साथ एलयू के समझौते की शिल्पकार रही हैं।

–डॉ. अर्चना शुक्ला

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# सफल जीवन के लिए सोशल मीडिया से बनाये दूरी : डॉ. पवन सिन्हा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कॉउंसलिंग और गाइडेंस सेल और हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के संयुक्त तत्वावधान में एक संवाद का आयोजन शुक्रवार को हुआ, जिसका शीर्षक था 'अध्यात्म, विज्ञान एवं युवा शक्ति'। इस संवाद के मुख्य अतिथि डॉ पवन सिन्हा 'गुरूजी' थे।

इस संवाद की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक राय ने की। हैप्पी थिंकिंग लैबोरेट्री की निर्देशिका प्रो. एम. प्रियदर्शिनी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ पवन सिन्हा ने अध्यात्म और विज्ञान को एक ही बताते हुए उसके कई उदाहरण दिये। युवाओं को सुखद और सफल जीवन जीने के लिए सोशल मीडिया और स्मार्टफोन से दूर हटकर ध्यान पे फोकस करने की सलाह दी। गुरूजी ने सभा में उपस्थित युवाओं के कई प्रश्नों का उत्तर दिया। संवाद के आयोजन पर कुलपति ने कहा कि ऐसे संवाद का आयोजन युवाओं को सही दिशा निर्देश एवं जीवन में सफलता हासिल करने हेतु कारगर साबित होते हैं। काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की निदेशिका डॉ वैशाली सक्सेना ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।